दिनांक 28.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान के दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी बिमारियों के रोकथाम/बचाव के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग एवं शहरी परिवार कल्याण विभाग सुपेला की गठित टीम द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार द्वितीय चरण 01 नवम्बर से प्रारम्भ कर विगत माह 28 फरवरी तक कुल 61 नियत स्थलों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर शिविर स्थल पर आये 1507 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें 07 दस्त, 23 बुखार, अन्य 1477) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित मरीजों का रक्त जांच हेतु रक्त पट्टिका तैयार कर जांच हेतु लैब भेजा गया। 31 नग ओ.आर.एस. पैकेट वितरण किया गया।

मच्छर उन्मूलन हेतु शिविर संचालन के साथ शिविर स्थल के आसपास क्षेत्र/मोहल्ले में स्थित नालियों एवं जमाव पानी/गंदे स्थानों पर स्प्रेयर पंप द्वारा 44200 एमएल मैलाथियान का छिड़काव करवाया गया। हैण्ड सेट फागींग मशीन द्वारा 13000 एमएल मैलाथियान के धुएं का छिड़काव करवाया गया।

01 मार्च से 23 मार्च तक कुल 11 नियत स्थलों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर शिविर स्थल पर आये 196 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें 03 दस्त, 01 बुखार, अन्य 192) को रोग निरोधक दवाईयां दी गई। दस्त से प्रभावित मरीजों को 12 ओ.आर.एस. पैकेट का वितरण किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु स्प्रेयर पंप द्वारा 9400 एमएल मैलाथियान का छिड़काव करवाया गया। हैण्डसेट फागींग मशीन द्वारा 2200 एमएल मैलाथियान के धुएं का छिड़काव करवाया गया।

निगम आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा दुषित जल से होने वाली बिमारियों जैसे–दस्त, पेचिस, आंत्रशोध, पीलिया, टाईफाईड से बचाव के लिए आम नागरिकों से अपील की गई कि– हैण्डपम्प, नल एवं कुओं का क्लोरिन युक्त पानी का उपयोग करें, पानी को उबालकर ही पीने के उपयोग में लायें, ताजे भोजन का सेवन करें, सड़–गले फल एवं बासी भोजन का सेवन न करें, शौच के लिए शौचालय का ही उपयोग करें, भोजन से पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोएं, पेयजल स्त्रोतों के पास कुड़ा करकट एवं गंदा पानी इकट्ठा न होने दें, लगातार उल्टी, दस्त होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य कार्यकर्ता/स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं मितानिन से संपर्क करें।

जनसम्पर्क विभाग